तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025



12 खेल स्पर्धा से मिलता है अनुशासन एकता और...



12 नगर पंचायत बसना में मतदाता सूची विशेष...






खबर संक्षेप

### पचेड़ा में ट्रांसफार्मर से सामानों की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा के चरचरीभाटा खार पंप लाइन में लगे 16 केवीए ट्रांसफर के सामानों की चोरी के मामले में खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड खट्टी के जूनियर इंजीनियर प्रखर चंद्रवंशी ने बताया कि 7-8 नवंबर को वितरण केंद्र खट्टी के अंतर्गत ग्राम पचेड़ा के चरचरीभाटा खार पंप लाइन में लगे 16 केवीए ट्रांसफार्मर के अंदर लगे क्वाइल, कोर, कॉपर वायर, आयल, नट बोल्ट एवं तांबा के सामानों कीमत लगभग 45 हजार रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अनियंत्रित ऑटो पलटने से चालक की मौत

**महासमुंद।** अनियंत्रित होकर ऑटो के पलटने से चालक की हुई मौत के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद जुर्म दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मृतक नितेश हरपाल पिता स्व गोपीनाथ हरपाल (35 वर्ष) वार्ड न. 30 नया रावण भाठा महासमुंद का मर्ग जांच किया गया। मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक आटो चालक नितेश हरपाल 06.08.2025 की रात्रि 9 बजे आटो क्र सीजी 06 एचए 1956 को लेकर महासमुंद से खैरा की ओर जा रहा था। शिवालय पार्क कालोनी महासमुंद एनएच 353 रोड खैरा के पास अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से ऑटो अनियंत्रित होकर रोड में बना डिवाइडर से टकरा गई। ऑटो पलटने से चोट आने के बाद चालक को एक निजी अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया, जहां इलाज दौरान 07/08/2025 को उसकी मौत हो गई। मामले में चालक के विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# वेतनवृद्धि के लिए सहकारी बैंककर्मी आंदोलित, आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर हाल ही में प्रदर्शन के बाद भी वेतन वृध्दि की एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने के कारण आज से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के समस्त 73 शाखाओं और मुख्यालय के अधिकारी-कर्मचारी अपनी लंबित वार्षिक वेतनवृद्धि की मांग को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। यह कदम 6 नवंबर को लिए गए निर्णय के तहत लिया गया है।

इस व्यापक आंदोलन के चलते बैंक कामकाज पूरी तरह से ठप हो जाऐगा, जिससे खासकर किसानों और खाता धारकों की मुश्किलें बढ़ेंगी।

## कर्मचारियों के अनिश्चिकालीन हड़ताल से बैंकिंग कामकाज होंगे प्रभावित

### तैयारियों पर ग्रहण, किसान परेशान

यह हड़ताल ऐसे समय में शुरू हुई है जब प्रदेश में धान खरीदी का सीजन नजदीक आ रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, धान खरीदी की प्रक्रिया में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। बैंक की शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए ऋण, खाद-बीज वितरण और खरीदी के भुगतान जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करती हैं। किसानों को उनकी उपज का भुगतान और पुराने ऋणों का नवीनीकरण रुकने वाली है। खेती की अगली तैयारियों के लिए जरूरी अल्पकालीन ऋण, खाद और बीज वितरण का काम भी पूरी तरह से बाधित होने वाला है।




### हड़ताल से बैंकिंग सेवाएं हो जाएगी ठप

ग्रामीण खाताधारकों के लिए जमा, निकासी, और अन्य सामान्य बैंकिंग सेवाएं भी बंद होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा नकारात्मक असर पड़ने वाला है। 6 नवंबर को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल और प्रदर्शन के दौरान ही कर्मचारियों ने चेतावनी दी थी कि यदि उनकी मांगें 12 नवंबर तक पूरी नहीं हुईं तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। चेतावनी को नजरअंदाज किए जाने के बाद, आज से बैंक मुख्यालय सहित सभी शाखाओं में तालाबंदी की जाएगी और कर्मचारी प्रदर्शन करने वाले हैं।

कर्मचारी संघ का मुख्य मुद्दा वर्ष 2021 से लंबित वार्षिक वेतनवृद्धि का है। कर्मचारियों का कहना है कि पंजीयन क्र. 3414 के आह्वान पर उच्च न्यायालय के आदेश के उपरांत भी उन्हें वेतनवृद्धि अब तक स्वीकृत नहीं की गई है। इस गंभीर विलंब और पंजीयन सहकारी संस्थाए छ.ग. के प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की मनमानी को कर्मचारी आंदोलन का कारण बता रहे हैं। कर्मचारियों का स्पष्ट कहना है कि न्यायालय के आदेशों का पालन न होना न केवल उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव डाल रहा है, बल्कि यह कानूनी प्रक्रिया की अवमानना भी है।

### मांग: जनदर्शन में मितानिनों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

# बकाया प्रोत्साहन राशि के लिए मितानिनों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों ने अपनी लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान को लेकर मंगलवार को जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर से गुहार लगाई हैं। मितानिनों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने फरवरी माह के साथ-साथ जून और जुलाई एवं अब तक की प्रोत्साहन राशि का भुगतान तुरंत करने का निवेदन किया हैं। सुनीता साहू, निशा प्रजापति, सरस्वती यदु, वसुंधरा बाघ, रेखा साहू एवं मितानिनों ने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु देखभाल और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा की थी। इसके बावजूद, उन्हें पिछले कई महीनों से उनकी प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है, जिसके कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मितानिनों ने कहा है कि हम हर घर में जाकर लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हैं, लेकिन हमारी अपनी चिंता करने वाला कोई नहीं है। फरवरी माह से लेकर अब तक का पैसा रुका हुआ है। इसी प्रोत्साहन राशि से हमारा घर चलता है, बच्चों की पढ़ाई का खर्च निकलता है। इस देरी से हम सब बहुत निराश हैं। जनदर्शन में कलेक्टर से लगाई गई इस गुहार ने एक बार फिर यह मुद्दा उजागर किया है कि जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले इन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के वित्तीय सम्मान और प्रोत्साहन को प्राथमिकता देने की कितनी आवश्यकता है।



### इन महीनों की राशि है लंबित

मितानिनों ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया कि उनकी फरवरी से अब तक की प्रोत्साहन राशि उनके खातों में जमा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि समय पर भुगतान न होने के कारण उन्हें दैनिक खर्चों को पूरा करने में भारी कठिनाई हो रही है । ज्ञापन में मितानिन ने कहा है कि प्रोत्साहन राशि के भुगतान में लगातार देरी हो रही है, जिससे उनके मनोबल पर विपरीत असर पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि संबंधित विभागों को तुरंत निर्देश दिए जाएं ताकि यह बकाया राशि जल्द से जल्द उनके खाते में हस्तांतरित की जा सके।

### सम्मान और प्रोत्साहन की जरूरत

मितानिनों का कार्य केवल स्वास्थ्य सेवा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वे सामुदायिक स्वास्थ्य और जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका नियमित और समय पर प्रोत्साहन राशि प्राप्त करना न केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह उनके मनोबल को बनाए रखने और उनकी सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक है।

# नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ, कलेक्टर से फरियाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- सरायपाली विखं के ग्राम बिरकोल से आई महिला ने कलेक्टर जनदर्शन में सौंपा मांग पत्र

जिले के सरायपाली विकासखंड के ग्राम बिरकोल पोस्ट नवागढ़ से आई एक गरीब महिला सावित्री वैष्णव ने मंगलवार को जनदर्शन में कलेक्टर से गुहार लगाई है। सावित्री वैष्णव ने बताया है कि महतारी वंदना योजना, भूमिहीन योजना, और शौचालय निर्माण की मांग की, ताकि उनका और उनके परिवार का जीवन सम्मानजनक तरीके से चल सके। सावित्री वैष्णव पति भुवनेश्वर अत्यंत गरीबी में जीवनयापन कर रही हैं।

उन्होंने कलेक्टर को दिए गए अपने आवेदन में बताया कि उनके और उनके पति के पास अपनी कोई ज़मीन नहीं है। वे दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर हैं, जब काम करने जाते हैं, तभी परिवार चलता है। महिला ने अपनी सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि उन्हें और उनके पूरे परिवार को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जिससे उन्हें बहुत शर्मिंदा होना पड़ता है। शौचालय निर्माण के लिए ग्राम सरपंच और सचिव से बात करने पर उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, जिससे थक-हारकर वे कलेक्टर के पास न्याय की उम्मीद लेकर पहुंची हैं। सावित्री वैष्णव ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें न तो राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदना योजना का लाभ मिल रहा है, और न ही भूमिहीन योजना का।



उन्होंने कहा कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि उन्हें इन सभी सरकारी योजनाओं के लाभ की तत्काल आवश्यकता है।

### कलेक्टर से की गई अपील

सावित्री वैष्णव ने कलेक्टर से उन्हें महतारी वंदना, भूमिहीन योजना और शौचालय उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इस मामले ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों तक उनका लाभ पहुंचाने में आ रही चुनौतियों को उजागर किया है। एक ओर जहां सरकार खुले में शौच मुक्त भारत के लक्ष्य को साधने में लगी है, वहीं सावित्री वैष्णव जैसे गरीब परिवार आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

# संघ ने घेरा कलेक्टोरेट, 3 सूत्रीय मांगों पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ माता वाहिनी समाज जन कल्याण संघ ने अपनी लंबित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया और रैली के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई, तो वे आमरण अनशन और विधानसभा तक पैदल मार्च करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन में 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं शामिल रहीं हैं, जो उनकी मांगों के प्रति दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं।

ज्ञापन में संघ ने उल्लेख किया है कि वे एक पंजीकृत स्वयं सेवी संगठन हैं और विगत 15 वर्षों से लगातार नशामुक्ति अभियान और जनकल्याण का कार्य निःशुल्क करते आ रहे हैं। संगठन भारत माता वाहिनी योजना जो कि छत्तीसगढ़ सरकार की नशामुक्ति अभियान योजना है, के तहत गांव-गांव में नशामुक्ति समितियों का गठन कर रहा है। हालांकि, इतने लंबे समय से निःशुल्क सेवा देने के बावजूद, संघ को प्रशासनिक सहयोग नहीं मिल पाया है और न ही उनकी मांगों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने कोई ध्यान दिया है।

### बार-बार आश्वासन नहीं हुई कोई पहल

संघ ने बताया कि मुख्यमंत्री जनदर्शन में भी लगभग 500 सदस्य गए थे, जहां मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद कलेक्टर के द्वारा कोई पहल नहीं की गई। संघ ने बताया कि उन्होंने दिनांक 27/09/2023 से जिला मुख्यालय में आमरण अनशन शुरू किया था। आचार संहिता लगने के कारण 09/10/2023 को कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन देकर समझौता कराया और अनशन समाप्त करवाया।

### संघ की प्रमुख 3 सूत्रीय मांगें

छत्तीसगढ़ माता वाहिनी समाज जन कल्याण संघ को प्रदेश एवं जिला स्तर पर नशामुक्ति अभियान एवं समाज जन कल्याण का कार्य सौंपा जाए। विगत 15 वर्षों से भारत माता वाहिनी योजना के तहत ग्राम बिरकोनी, झारा, अछोली, खट्टा, परसाडीह, धनसुली, डूमरपाली, सरकड़ा, तुसदा, खुटेरी व अन्य गांवों में प्रतिदिन शाम को नशामुक्ति जागरूकता का प्रचार करने, गांव की छोटी समस्याओं को सुलझाने और निःशुल्क सेवा देने वाली टीम को भारत माता वाहिनी मद या अन्य विभागीय मद से मानदेय व आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाए।

### प्रशासनिक उदासीनता पर रोष

संघ ने कहा है कि मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन और अन्य आवेदनों पर अभी तक कोई उचित पहल नहीं की गई है, और समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुचित व तोड़ मरोड़ कर जवाब देकर आवेदन की खानापूर्ति कर दी जाती है, जिससे संघ में गहरा रोष व्याप्त है। संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उन्हें पूरा करने के लिए निर्देशित नहीं किया गया, तो वे अपने अगले कदम के लिए मजबूर होंगें।

# जिले में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**महासमुंद।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। 4 नवंबर से प्रारंभ इस अभियान में बीएलओ घर घर मतदाताओं तक पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। इसी क्रम में बीएलओ योजना यादव एवं सरपंच आज सुबह कलेक्टर विनय लंगेह के निवास पहुंचकर उन्हें गणना पत्र एवं घोषणा पत्र वितरित किए। इस दौरान टीम द्वारा आवश्यक जानकारी संकलित की गई। फार्म वितरण के दौरान ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच प्रमिला ध्रुव, उपसरपंच जितेंद्र साहू, किशोर ध्रुव, बीएलओ योजना यादव, पंच शिव साहू मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि जिले में 8 लाख 86 हजार 422 पंजीकृत मतदाता हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र वितरित कर रहे हैं तथा आवश्यक दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) मतदान केंद्र स्तर पर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर बरोंडा बाजार में जागरुकता शिविर लगा

# छात्रों को शिक्षा के अधिकार की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित होने वाले शिविर व कार्यक्रम पर 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किया गया। अधिकार मित्र हरिचंद ने अपने विज्ञप्ति में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल तथा शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला बरोंडा बाजार पहुंचकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को कानून के जागरुकता विषयों पर अधारित जानकारी प्रदान की गई।




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जानकारी देते हुए बताया कि देश में हर वर्ष 11 नवंबर के दिन राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमारे देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को समर्पित है। देश के महान स्वतंत्रता सेनानी विद्वान और प्रख्यात शिक्षाविद अबुल कलाम आजाद की जयंती को लोग राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के तौर पर मनाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस सामाजिक समरसता और शिक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले देश के पहले शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिन है। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने ही स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में यूजीसी, आईआईटी, आईसीसीआर, आईसीएमआर, आईसीएसआर, साहित्य अकादमी, ललीत कला आकदमी, संगीत नाटक अकादमी जैसे संस्थानों की बुनियाद रखी। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस को मनाए जाने का सबसे बड़ा मकसद लोगों को शिक्षा के अधिकार और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक कराना है। इस दिन छात्र और शिक्षक साक्षरता के महत्व और शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति अपने विचारों को साझा करते है। इसके अलावा 11 नवंबर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकारों मित्रों मोहित कुमार साहू, बाबी गंडेचा, प्रियतोष साहू ने शिविर लगाया।

# सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बावजूद आवारा कुत्तों की नसबंदी और गणना पर सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

एक ओर जहां देश की सर्वोच्च अदालत आवारा कुत्तों के आतंक से आम जनता को निजात दिलाने के लिए सख्त निर्देश दे रही है, वहीं दूसरी ओर जिले में विभाग इस दिशा में उदासीनता बरत रहे हैं। जिले में भी सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों का बेरोकटोक जमावड़ा लगा रहता है, जिससे शहरवासी, खासकर बच्चे और अस्पताल आने वाले लोग, भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार, जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ी है। कई साल में जिले में कुत्तों की



संख्या दोगुनी से अधिक हो गई हैं, और तब से अब तक कोई व्यापक नसबंदी या गणना अभियान नहीं चला है। जिला मुख्यालय सहित बसना, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा और अन्य नगर पंचायतों में कुत्ते काटने की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए सबसे प्रभावी तरीका पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम है, जिसमें कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया जाता है वह भी ठप पड़ा हुआ हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश, फिर भी अनदेखी

आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में खतरनाक वृद्धि पर स्वतः संज्ञान लेते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में शैक्षणिक संस्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज, अस्पतालों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों से आवारा कुत्तों को हटाने का सख्त आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इन कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी और टीकाकरण के बाद डॉग शेल्टर होम में भेजा जाना है, न कि उन्हें वापस उसी स्थान पर छोड़ा जाना, जैसा कि पहले के नियमों में होता था।

### जिले के निकाय क्षेत्रों में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता

केवल नगर पालिका ही नहीं, बल्कि जिले के सभी नगर निकाय जैसे बसना, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा और अन्य नगर पंचायतें भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं। निकाय क्षेत्रों में कुत्तों की सही संख्या का आंकलन करना। पशु चिकित्सा विभाग के समन्वय से नसबंदी और टीकाकरण कार्यक्रम को तत्काल शुरू करना। पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद रखने के लिए निर्धारित आश्रय स्थलों की व्यवस्था करना करने की आवश्यकता हैं।

## खबर संक्षेप



### पं. रविशंकर पुरस्कार से सम्मानित हुए राजेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की राज्य अलंकरण अवसर पर आयोजित भव्य राज्यस्तरीय समारोह में महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के पूर्व चेयरमैन एवं रियल ग्रुप के प्रतिष्ठित उद्योगपति राजेश अग्रवाल को उनके बहुमूल्य सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पं. रविशंकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दिया। इस उपलब्धि पर महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज परिवार ने हर्ष जताया। इस अवसर पर मंच में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, गृहमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहे। यह पुरस्कार विशिष्ट व्यक्ति को दिया जाता है, जिन्होंने समाज और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। समारोह में राज्य के मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, उद्योगपति, समाजसेवी एवं छात्र प्रतिनिधि, प्राचार्य डॉ. जासमीन जोशी, उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी, एडमिनेस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दूधाधारी भवन में सियाराम महाराज का किया सम्मान



**रायपुर।** दूधाधारी मठ महोत्सव के उपलक्ष्य में दूधाधारी सत्संग भवन में संगीतमय श्रीरामकथा एवं भव्य संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या से पधारे सियाराम शरण महाराज के मुखारबिंद से संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान सभी श्रद्धालुओं और श्रोताओं को कराया जा रहा हैं, जिसमें सोमवार को समाज सेवक प्रशांत पाण्डेय कथा श्रवण करने पहुंचे एवं मंच पर विराजमान कथावाचक सीताराम शरण महाराज का शॉल और श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# यूथ रेडक्रॉस शिविर में सांस्कृतिक संध्या एवं महाशिविर ज्वाल का आयोजन

## शिवरार्थियों को सीपीआर, फर्स्ट एड, सेनेरी का दिया गया प्रशिक्षण, अंबेडकर भवन में तीन दिवसीय शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस शिविर का आयोजन बागबाहरा रोड स्थित आंबेडकर भवन में किया जा रहा है। यह शिविर महाविद्यालय प्राचार्य शिविर करुणा दुबे व यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी सभापति संदीप दीवान के मार्गदर्शन एवं शिविर संचालक डॉ मालती तिवारी एवं जिला संगठक अशोक गिरी गोस्वामी के निर्देशन में आयोजित है।

शिविर के दूसरे दिन 11 नवंबर को प्रातः कालीन विधिवत रेडक्रॉस का ध्वज फहराकर एवं रेडक्रॉस गीत गायन करके शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात योग प्रशिक्षक तिलक साव ने योग कराया। रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 25 शिवरार्थियों ने भाग लिया। फर्स्ट एड प्रशिक्षण, सीपीआर का प्रशिक्षण प्रशिक्षक डॉ यशवंत कुमार चंद्राकर ने दिया। जिसमें बताया गया कि सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रेसुसिटेशन) हृदय रुकने पर रक्त और ऑक्सीजन का संचार बनाए रखने की प्रक्रिया है। इसमें 30 चेस्ट कॉम्प्रेशन और 2 सांस का अनुपात अपनाया जाता है।

बच्चों और शिशुओं में दबाव हल्का होता है। इसे बेहोशी, सांस न ले पाने, या प्रतिक्रिया न देने पर तुरंत शुरू करें। दूसरा फर्स्ट एड में कट-घाव को साफ कर बैंडेज लगाना, जलने पर ठंडा पानी और सूखा कपड़ा, फ्रैक्चर में स्थिर रखना, नकसीर में सिर ऊंचा कर नाक पिंच करना शामिल है। सुरक्षा, 112/108 कॉल और नियमित अभ्यास जरूरी है। प्रशिक्षक डॉ यशवंत चंद्राकर ने अंत में कहा कि एक मिनट की



सीख, एक जीवन बचा सकती है। वहीं सेनेरी प्रशिक्षण में बताया कि यह एक सामुदायिक स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य लोगों को आपदाओं (बाढ़, भूकंप, आग आदि) और सामान्य स्वास्थ्य संकटों से निपटने के लिए तैयार करना है।

इसमें प्राथमिक उपचार, आपदा पूर्व तैयारी, स्वच्छता, और समुदाय जागरूकता जैसे विषय शामिल हैं। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट दिया जाता है, जिससे आप आपदा में जान बचाने में मदद कर सकते हैं। द्वितीय सत्र में संदीप दीवान सभापति भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, डॉ वाणी तिवारी अध्यक्ष बाल कल्याण विभाग, दिनेश श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, देव नारायण सिन्हा, राजेश्वर खरे, टोमन साहू, हीराराम तिवारी, डॉ. यशवंत चंद्राकर मंचस्थ रहे।

डॉ वाणी तिवारी एवं आरती श्रीवास्तव ने बताया कि बाल अधिनियम और बाल अधिकार भारत में बच्चों के संरक्षण और विकास के लिए महत्वपूर्ण कानूनी और नैतिक ढांचे हैं।

बाल अधिनियम अपराधों में शामिल बच्चों के पुनर्वास और न्याय को सुनिश्चित करता है। जबकि बाल अधिकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, और भागीदारी का अधिकार देते हैं। भारत में पॉक्सो अधिनियम (2012) के तहत बच्चों को यौन शोषण से बचाता है। इनका उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित, और सम्मानित जीवन देना है।

कार्यक्रम में संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शिविर ज्वाल आयोजित किया गया। शिविर में डॉ स्वेतलाना नागल सहायक शिविर संचालक, डॉ जगदीश सत्यम, डॉ खिलावन पटेल, शेखर कानूनगो, प्रकाशमणि साहू सहित सभी शिवरार्थी एवं काउंसलर रोमन साहू जिला संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि गरियाबंद, प्रबंधकारिणी सदस्य आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, राजेश्वर खरे उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डा अशोक गिरि गोस्वामी एवं मं संचालन दिनेश साहू एवं किरण पटेल ने किया।

## आयोजन : कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के लोग जुटे

# मारवाड़ी युवा मंच का प्रांतीय दिवाली मिलन एवं पिकनिक समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

एकता में उत्सव की तर्ज पर बसना शाखा के आतिथ्य में छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा प्रांत के मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों का दीपावली मिलन एवं पिकनिक समारोह रविवार के आलोहा रिसोर्ट सिरपुर में हुआ।

ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच के इस ऐतिहासिक संयुक्त आयोजन में दोनों प्रांत के 50 से ज्यादा शहरों से सपरिवार पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एवं बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल का सभी स्वागत एवं सत्कार किया। डॉ. संपत अग्रवाल ने एकता में उत्सव के इस आयोजन हेतु छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच को तथा आयोजक शाखा बसना को भविष्य में ऐसे आयोजन पर जोर दिया। जिसमें सभी समाज को एकता के सूत्र में पिरोया जाए और बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को चरितार्थ किया जाए। डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा की मारवाड़ी युवा मंच एक ऐसी संस्था है, जो हमेशा सभी समाज सभी वर्ग के हित के लिए कार्य करती है और आगे भी जनसेवा के कार्यों में लगे रहने की शुभकामना देते हुए कहा कि जैसे बसना विधानसभा का हर व्यक्ति मेरा परिवार है, वैसे



ही मारवाड़ी युवा मंच भी मेरा अपना परिवार है और मेरा सहयोग युवा मंच को सदैव प्राप्त होता रहेगा। मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (क्षेत्र 4) युवा अमर सुल्तानिया ने इस आयोजन को ऐतिहासिक कदम बताया। इस दौरान सुल्तानिया ने नव गठित बरमकेला जागृति शाखा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष युवा प्रशांत गांधी ने कहा कि जो समाज साथ में हंसना और खेलना जानता है, वही समाज सेवा कार्यों में सबसे आगे रहता है। उन्होंने इस अवसर पर मंडल 3 में नई शाखा रायगढ़ संस्कृति के गठन की घोषणा की। प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया कि यह पहला अवसर है जब प्रांत के किसी आयोजन में 1000 से ज्यादा मंच साथी सपरिवार उपस्थित है। इसके लिए उन्होंने आयोजक शाखा बसना के अध्यक्ष सुमित संपत अग्रवाल को बधाई दी। ओडिशा प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष युवा अजय शर्मा ने इस आयोजन को दोनों प्रांतों के बीच सद्भावना और सहयोग की नई शुरुवात बताया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी, ओडिसा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अजय शर्मा, छग प्रांत की कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष रीना केडिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री रोहित काबरा, निवृत्तमान प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष मुख्यालय राजकुमार अग्रवाल एवं सुमित सांवडिया, प्रांतीय महामंत्री सलभ अग्रवाल एवं चेतन टिब्रेवाल, मंडल 5 के उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, बसना शाखा अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, बसना शाखा सचिव हेमंत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

बसना शाखा अध्यक्ष सुमित अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजक राजकुमार अग्रवाल के नेतृत्व में टीम बसना ने पूरे मनोभाव से सबके आतिथ्य में अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास करते हुए स्वागत व्यवस्था, पंजीयन व्यवस्था, स्वादिष्ट व्यंजन, अनेक खेल प्रतियोगिताओं, 150 से ज्यादा पुरस्कार एवं गिफ्ट, जेपी शर्मा ग्रुप की लाइव बैंड के साथ शानदार प्रस्तुति, सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कलाकार प्रकाश अवस्थी एवं टीम की मनमोहक प्रस्तुति, स्विमिंग पूल, रेन डांस, नौका विहार, रोप वे, रोप साइकिल, जिप लाईन, टायर क्लाइंबिंग, रोज गार्डन भ्रमण, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट आदि के माध्यम से उपस्थित मंच साथियों एवं उनके परिवार के मनोरंजन की व्यवस्था की गई, जिसका उपस्थित मंच साथियों ने भरपूर आनंद लिया। मारवाड़ी युवा मंच बसना के आतिथ्य में इस आयोजन की सबने भरपूर सराहना की। इस अवसर पर मंच संचालन प्रांतीय उपाध्यक्ष मुख्यालय राजकुमार अग्रवाल बसना एवं आभार प्रकट प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष रीना केडिया अकलतरा ने किया।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर भाजपाइयों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मतदाता गहन पुनरीक्षण 2025 के लिए जिला भाजपा कार्यशाला में भाजपा शहर महासमुंद का प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी देवीचंद राठी, पूर्व अध्यक्ष सतपाल पाली प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 2003 के बाद 2025 में एसआईआर कार्य चुनाव आयोग द्वारा कराया जा रहा है। यह मतदाता सूची का शुद्धिकरण कार्य है। कार्यशाला में पूर्व महामंत्री एमआर विश्वनाथन, नेता प्रतिपक्ष हरबंस सिंह नानू भाई, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा साहू, पार्षद प्रीति बदल मक्कड़, शुभ्रा शर्मा, सीता डोडेकर भारती चंद्राकर, माखन पटेल, पीयूष साहू, शेखर बेलदार, महेंद्र जैन, हितेश सोनाधार सोनवानी, राजू चंद्राकर, नईम खान, भगवती करकसे, आनंद साहू, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे, अमन वर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, सुनीता साहू, सारिका यादव, सोनई विश्वकर्मा, फगुआ पटेल आदि मौजूद रहे।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से आएगी पारदर्शिताः योगेश्वर



महासमुंद। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य शुरू हो गया हुआ। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि एसआईआर में शामिल होकर जानकारी उपलब्ध कराएं। इससे मतदाता सूची में पारदर्शिता आएगी। अयोग्य मतदाताओं का नाम सूची से हट जाएगा। साथ ही नए मतदाताओं का नाम सूची में जुड़ेगा। इससे हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती मिलेगी। आगे कहा कि ये चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इससे वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए मतदाताओं को जोड़ा जाता है।

#### एसआईआर 21 साल बाद

वर्ष 1951 से लेकर 2004 तक का एसआईआर हो गया है, लेकिन पिछले 21 साल से बाकी है। इस लंबे दौर में मतदाता सूची में कई परिवर्तन जरूरी हैं। जैसे लोगों का माइग्रेशन, दो जगह वोटर लिस्ट में नाम होना। विधायक सिन्हा ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके ऐसे युवा जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवा लें।

# मांगें पूरी नहीं होने पर एनएचएम कर्मचारी संघ फिर उतरेंगे मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ जिला इकाई महासमुंद के जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अपनी मांग और समस्याओं से अवगत कराया है। नहीं तो वेतन नहीं तो काम नहीं के तर्ज को पूरा करने के लिए विवश हो जाएंगे। 15 नवंबर तक किसी प्रकार से समस्याओं का समाधान सकारात्मक पहल नहीं होने पर फिर से मैदान में उतने के लिए विवश होने की बात कहीं है। जिले में 550 एनएचएम के कर्मचारी है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16000 कर्मचारियों शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी खराब होते नजर आ रही है। पिछले अगस्त-सितंबर माह में हड़ताल 32 दिन सफल आयोजन किया गया। जिसमें सरकार के साथ आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के समन्वय से जन स्वास्थ्य हित को देखते हुए हड़ताल से वापस होना पड़ा, यह बोला जाए तो स्थगित ही था। 10 मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया, पर परिणाम आज शून्य है। किसी भी प्रकार के एनएचएम के कर्मचारियों को अभी तक लाभ प्राप्त नहीं हुआ। प्रांत अध्यक्ष डॉ अमित मिरी ने बताया कि बल्कि हमारे 25 साथियों का बहाली आज दिनांक तक नहीं हुआ। दिवाली जैसे त्यौहार माह अक्टूबर का वेतन देने के लिए आनाकानी किया। 27 प्रतिशत में 5 प्रतिशत बढ़ा हुआ वेतन एरियर्स के रूप में दिया जाना उसको भी नहीं दिया। अब हम यह आरोप शासन के ऊपर लगाए या प्रशासन के ऊपर दोनों ही एक ही थाली के चट्टे बट्टे है। साथ ही कई ऐसे कर्मचारी जैसे सीएचओ को भी 4 माह का इंसेंटिव देने के लिए आनाकानी कर रहे है। एनएचएम के कई कर्मचारी शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य खराब के कारण आज अस्पताल में अपने जीवन का बहुमूल्य समय काट रहे है।

समय पर वेतन न मिलने के कारण घर परिवार में बच्चों की पढ़ाई फीस, बुजुर्ग माता पिता की देखभाल, मकान किराया, राशन पानी की दिक्कत है। आज हर एक व्यक्ति औसत मासिक खर्च लगभग 20 हजार से अधिक है। लेकिन, कई कर्मचारी है जिसको 10 से 12 साल काम करने के बावजूद उनकी वेतन 10 से 12 हजार से अधिक नहीं बढ़ पाया। किसी भी प्रकार से सकारात्मक सोच कर्मचारी के प्रति नहीं है। अन्य राज जैसे मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा, राजस्थान, असम, केरल, कर्नाटक, मणिपुर जैसे राज्यों में एनएचएम के कर्मचारियों को, समयमान वेतन, अनुकंपा नियुक्ति, स्थाई जॉब की सुरक्षा दिया गया है। समस्त एनएचएम कर्मचारियों को भरोसा और विश्वास है कि मोदी की गारंटी 100 दिन के अंदर मांगे पूरी करने का वादा खिलाफी के साथ धूमिल हो रहा है।

# साय सरकार सोसायटी ऑपरेटर एवं प्रबंधकों की समस्या का तुरंत समाधान करेः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



सोसाइटी ऑपरेटर और प्रबंधकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का समर्थन देने धरनास्थल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, महासमुंद शहर ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन बघेल, जिला संयुक्त महामंत्री सोमेश दवे, हुलास गिरी गोस्वामी पहुंचे। इस दौरान जिला कांग्रेसध्यक्ष रश्मि ने राज्य सरकार से सोसायटी ऑपरेटर एवं प्रबंधकों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की और कहा कि समितियों के ऑपरेटर और प्रबंधक पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं, जिससे आगामी धान खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की घोषणा की गई है, लेकिन इसी बीच समिति संचालकों का हड़ताल पर चले जाना गंभीर चिंता का विषय है। यदि सरकार ने शीघ्र ही उनकी उचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो इसका सीधा असर प्रदेश के लाखों किसानों पर पड़ेगा। डॉ रश्मि ने आगे कहा कि वर्तमान में किसान पहले से ही धान में रोग संक्रमण, खाद की कमी और मौसमी अनियमितता जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे उनकी फसलें प्रभावित हुई हैं। ऐसे समय में सरकार का यह रवैया किसानों की परेशानियों को और बढ़ा सकता है।

## शांतिपूर्ण हुआ नुआपाड़ा विधानसभा का उपचुनाव



**नर्रा।** लोकतंत्र के महापर्व नुआपाड़ा विधानसभा का उपचुनाव शांतिपूर्ण हुआ। मतदान 11 नवंबर मंगलवार को 358 बूथ पर हुआ। जिसमें 47 संवेदनशील रहे। दो लाख 53 हजार मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया। इस उपचुनाव में 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम कैद हो गया। 14 नवंबर शुक्रवार को भाग्य का फैसला होगा। मतदान केंद्र में मतदाताओं में उत्साह दिखा। सुबह 7 बजे से मतदान करने लंबी लाइन में देखी गई।

# स्काउट-गाइड तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में कलेक्टर ने दिए कॅरियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम कोसरंगी में आयोजित भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स का विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ दिवस व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत बतौर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर व पदेन जिला संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विनय कुमार लंगेह पहुंचे। इस मौके पर येत राम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, पारस चोपड़ा पूर्व जिलाध्यक्ष, कौशलेंद्र वैष्णव ब्लाक अध्यक्ष स्थानीय संघ, आनंद साहू जिला उपाध्यक्ष, राहुल चंद्राकर राज्य मुख्यालय आयुक्त, पंकज चंद्राकर जिलाध्यक्ष जिला एथलेटिक्स संघ, निधि लोकेश चंद्राकर जनपद सदस्य, सुरेश साहू सरपंच कोसरंगी, ज्योति चंद्राकर, भूमिका लूनिया, सुधा चंद्राकर मौजूद रहे।

सर्वप्रथम स्कॉउटिंग परंपरा अनुरूप अतिथियों का जनरल सेल्यूट के बाद स्कार्फ से स्वागत किया गया। शिविर संचालक तुलेंद्र सागर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर प्रतिवेदन में बताया कि इस शिविर में विकास खंड के शासकीय अशासकीय मिडिल स्कूल, हाई एवं हायर सेकंडरी के 25 स्कूल से 109 स्काउट, 167 गाइड्स, 28 प्रभारी टीचर्स, 13 संचालक मंडल सदस्य, 14 सर्विस रोवर रेंजर, 5 रसोइया कुल 342 सम्मिलित हुए। व्यक्तित्व विकास सत्र के अंतर्गत मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा स्काउट गाइड से मुखातिब होते हुए बच्चों से निडर होकर अपने विचार अभिव्यक्ति को प्रकट करने प्रश्न पूछने के लिए आमंत्रित किये। स्कॉउट गाइड को व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत बताए कि अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए स्वयं अनुशासित होकर एकाग्रता के साथ समय प्रबंधन का पालन व सामान्य



ज्ञान की जानकारी होना आवश्यक है। उससे पहले बेड हैबिट को छोड़ना होगा। जैसे आजकल मोबाइल एडिक्ट, रील बनाना सबसे महत्वपूर्ण है। नशापान से दूर रहना है। आज अनेक प्रकार के व्यसन हैं, जिसके शिकार हमारे किशोरावस्था के बच्चे ज्यादा हो रहे हैं। इसलिए इस शिविर में जितने भी बच्चे हैं वे नशापान स्वयं दूर रहे। सबसे कौतुहल प्रश्न शेर स्कूल की ऐश्वर्या के पूछने पर रहा, उसने कहा कि अधिक प्रतिशत अधिक लाने का प्रेशर रहता है। पालक संतुष्ट ही नहीं होते हैं। कलेक्टर ने पूछा कि पिछली कक्षा में कितना प्रतिशत आया है, बच्ची ने बताया 96 प्रतिशत। कलेक्टर ने मुस्कुराते हुए जवाब दिए। हमारे समय में 9वीं व 11वीं में ज्यादा प्रतिशत लाना बहुत कठिन था। तुमने 9वीं में ही ले आये हो। निश्चित रुप से कह सकता हूं कि 10वीं में भी अच्छे अंक से पास होगे। स्काउट गाइड के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देकर उनके जिज्ञासाओं को शांत किया गया। जिसमें यूपीएस परीक्षा के लिए कैसे तैयारी व कितना व क्या क्या अध्ययन किया जाए। कलेक्टर ने विद्यार्थी जीवन से कलेक्टर बनने तक का अनुभव को बच्चों के साथ साझा किए। साथ ही पलकों से भी अपेक्षा किया कि अधिक अंक या प्रतिशत लाने बच्चों को प्रेशर न डालें। जिलाध्यक्ष येत राम साहू ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव ने किया।

इस शिविर के संचालक मंडल में तुलेंद्र सागर शिविर संचालक, लता वैष्णव ब्लाक सचिव, प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, लीनु चंद्राकर डीओसी गा, हिरेंद्र साहू ब्लाक सहसचिव, तामेश्वरी साहू जिला गाइडर, राम कुमार साहू जिला मुख्यालय आयुक्त, मधु शर्मा सीनियर गाइडर, कमल लूनिया पूर्व डीओसी, बेद राम रात्रे, अजय तांडी, रूपा पांडेय, मनीषा नंदेश्वर के साथ प्रभारी शिक्षक भावना पांडब, कमलेश्वरी साहू, रितेश जोशी, नरेश विश्वकर्मा, गोविंद देवांगन, रामकुमार भट्ट, दिलीप टंडन, होमेश साहू, सुषमा साहू, मंजूषा साहू, लीना चंद्राकर, तरूण साहू, नरोत्तम चक्रधारी, बलि राम ठाकुर, नम्रता कन्नौजे, दीपक कुमार साहू, कृष्ण कुमार सिन्हा, रेखा राजपूत, कुंती पटेल, टिकेश्वरी चंद्राकर, स्वाति साहू, कुसुम देवांगन, रोशन धृतलहरे, मोहित वर्मा, जितेंद्र चक्रधारी, ममता चंद्राकर, हेम कुमारी साहू, धर्मराज चंद्राकर एवं प्रेम पटेल, भूपेंद्र, भूपेंद्र साहू, लुकेश, लता, नीरा, कल्पना, चन्द्रकिरण, तोनाक्षी, आशा रोवर रेंजर सम्मिलित हुए।

**खबर संक्षेप**

## अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने नईम



**महासमुंद।** भाजपा नीति मंच छग प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल हफीज द्वारा महासमुंद जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर नईम खान की नियुक्ति की गई। उल्लेखनीय है कि भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय संरक्षक रामकृष्ण भार्गव, उत्तर प्रदेश सरकार के विधायक मिश्रिख के निर्देश, नीति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष फतेउद्दीन खान कादरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंग देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा जिलाध्यक्ष, ऐतराम साहू, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, कृषि एवं बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, स्काउड गाईड राज्य मुख्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंग गोल्डी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका की सहमति से भाजपा नीति मंच अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल हफीज द्वारा नईम खान की नियुक्ति की गई।



## 13 व 14 को दो जलापूर्ति रहेगी बाधित

**महासमुंद।** जल शुद्धिकरण संयंत्र बेलसोंडा का मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने कारण मरम्मत कार्य जारी है। पाइप लाइन की मरम्मत के चलते 13 नवंबर गुरुवार को शाम एवं 14 नवंबर शुक्रवार को सुबह एवं शाम को जलापूर्ति बाधित रहेगी। मौहारीभांठा पानी टंकी व नया रावण भाठा पानी टंकी क्षेत्र की जलापूर्ति यथावत रहेगी। उक्त दोनों टंकियां मोटर पंप से भरा जाता है। वहीं, जिन क्षेत्रों की टंकियां फिल्टर प्लांट से आने वाले जल पर निर्भर है, उन सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुए सहयोग की अपील की है।

**समीक्षा : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक**

# कलेक्टर ने की मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम और धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज सुबह 10 बजे से समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणा, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




कलेक्टर लंगेह ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी बीएलओ गणना पत्रक के वितरण का कार्य सुनिश्चित करें। आगामी 2 दिनों में अधिकतम मतदाताओं तक गणना पत्रक पहुंच जाए। वर्तमान में लगभग 75 प्रतिशत मतदाताओं के पास गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने सभी एआरओ एवं ईआरओ को भरे हुए गणना और घोषणा पत्रों के डिजिटाइजेशन के कार्य को भी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सर्वप्रथम गणना पत्र वितरित किया जाए।

तत्पश्चात उसके कलेक्शन सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जारी समय सारणी के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को प्रशिक्षण में बताए गए बिंदुओं के आधार पर निर्धारित समय 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर सत्यापन कार्य अंतर्गत पात्र मतदाताओं का गणना प्रपत्र में आवश्यक विवरण पूर्ण रूप से भरकर संकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पात्र मतदाताओं को शामिल करने तथा अपात्र मतदाता को हटाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भागीदारी और सहयोग करने की अपील की है।

### जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए सभी नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों को कल सुबह 10 बजे ट्रायल रन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी आबंटित उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी 16 चेक पोस्टों के माध्यम से ड्यूटीरत अधिकारियों को धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए है। आवश्यकता पड़ने पर नए और दूसरे स्थानों पर भी चेक पोस्ट खोलने कहा है। कलेक्टर ने अवैध परिवहन करते वाहन पाए जाने पर तत्काल सीज कर प्रकरण दर्ज करने कहा है। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए धान खरीदी नीति के 29 बिंदुओं की चेकलिस्ट के अनुसार सभी तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि किसानों की खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सहज बने, इसके लिए सीसीटीवी कैमरों को चालू स्थिति में रखा जाए तथा निगरानी टीमों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। खरीदी केंद्रों में आवश्यक संसाधन, तोल उपकरण, मिलान पर्ची व्यवस्था, ऑनलाइन एंट्री, और तौल-प्रक्रिया को समय पर पूर्णता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने केंद्रों का निरीक्षण करने टोकन की जानकारी, स्टेकिंग आदि की जानकारी रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर लंगेह ने विभिन्न शासकीय योजनाओं, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय सीमा पत्रक, राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

# कलेक्टर ने राइस मिलर्स की बैठक लेकर धान खरीदी के लिए दिए आवश्यक निर्देश

## राइस मिलर्स को अधिक से अधिक पंजीयन करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नीति के संबंध में राइस मिलर्स की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में शासन के निर्देशानुसार सुगम तरीके से धान खरीदी एवं उठाव के लिए निर्देशानुसार कार्य करने कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा धान खरीदी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसमें राइस मिलर्स की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में बताया गया कि जिले में 195 रजिस्टर्ड राइस मिलर्स है। इनमें से केवल 48 राईस मिलर्स का पंजीयन किया गया है। उन्होंने सभी राइस मिलर्स से 70 प्रतिशत चावल जमा करने के पश्चात पंजीयन के लिए आवेदन देने कहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया, जिला प्रबंधक (नान) विनोद बोधिचा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) सहित राइस मिलर्स संघ के अध्यक्ष नरेश जैन सहित अन्य राईस मिलर्स मौजूद थे।

बैठक में खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अनुमानित धान खरीदी 1245963 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। जबकि बीते वर्ष 1128540 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई थी। इस वर्ष 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से लगभग 162288 किसान धान विक्रय करेंगे। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि शासन द्वारा कंट्रोल कमांड यूनिट स्थापित किया गया है, जिससे धान के परिवहन की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने राइस मिलर्स से कहा कि शासन की नीति के तहत ही धान का उठाव संबंधित धान उपार्जन केंद्रों से करते हुए संबंधित राइस मिलर्स के पास डम्प करें एवं आवश्यक सहयोग करें।

# समाजशास्त्र विभाग में हुआ सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में दो दिवसीय विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे, दिलीप बढ़ाई विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, शिवानी तावेरकर अतिथि प्राध्यापक समाजशास्त्र, पंकज डहरिया जनभागीदारी प्राध्यापक की उपस्थिति रही। सेमिनार का मुख्य विषय भारत एवं छत्तीसगढ़ की विभिन्न जनजातियों का समाजशास्त्रीय अध्ययन, समाज सुधारकों एवं विचारकों का योगदान था। इसके अंतर्गत एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र के छात्र छात्राओं द्वारा जनजातियों की संस्कृतियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। संबंधित विषय के तथ्यों से समस्त विद्यार्थियों में नवीन ज्ञान का संचार हुआ। इस सेमिनार में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी ज्योति चंद्राकर, लकी, ओमेश्वरी, सरस्वती, नंदनी, खुशबू आदि शामिल रहे।

# सुरक्षा को लेकर नगर पालिका परिसर एवं बेलसोंडा फिल्टर प्लांट परिसर में लगाए गए सीसी टीवी कैमरा

**महासमुंद।** आमजनों एवं नगर पालिका की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर नगर पालिका परिसर, बेलसोंडा फ़िल्टर प्लांट, स्टोर यार्ड एवं पालिका कार्यालय में सीसी टीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। बेलसोंडा फ़िल्टर प्लांट से समूचे नगर की जलापूर्ति की जाती है। जनता के स्वास्थ्य एवं सुरक्षित जीवन के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक था। हाल के दिनों में फिल्टर प्लांट में गड़बड़ी और चोरी की शिकायतें सामने आई थीं, जिन पर प्रभावी निगरानी के लिए सीसी टीवी कैमरों की स्थापना की गई है। इससे जलापूर्ति व्यवस्था की सुरक्षा और पारदर्शिता दोनों सुनिश्चित होंगी। नगर पालिका परिषद परिसर में लगाए गए कैमरे सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए उपयोगी साबित होंगे। वहीं पार्किंग यार्ड (पुराना एसडीएम बंगला परिसर) में लगातार हो रही चोरी और लापरवाही की शिकायतों को देखते हुए वहां भी निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि यह कदम नगर में सुरक्षा, पारदर्शिता और जनहित को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

# बिना आधार लिंक किए एसआईआर की प्रक्रिया औचित्यहीनः भूपेन्द्र




**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे देश में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया चालू किया गया है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ में भी यह प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हो चुका है। विगत दिनों जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मीटिंग लेकर एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। मीटिंग के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव भूपेंद्र चंद्राकर ने सवाल किया कि क्या इस प्रक्रिया के तहत आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र के साथ जोड़ा जाएगा, जिस पर कलेक्टर ने जवाब दिया कि ऐसा कोई आदेश निर्वाचन आयोग द्वारा नहीं दिया गया है, जिस पर आम आदमी पार्टी ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता परिचय पत्र को आधार से लिंक नहीं किए जाने पर किए गए आपत्ति को निर्वाचन आयोग तक पहुंचाने की बात कही है।

# वोट चोरी को लेकर चलाया गया स्टीकर अभियान



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत झलप में प्रदेश महासचिव विराज चंद्राकर और जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस महासमुंद अमन चंद्राकर के नेतृत्व में वोट चोरी को लेकर क्षेत्र में स्टीकर अभियान चलाया गया एवं आम जनता को वोट चोरी की जानकारी दी गई। युवा कांग्रेस पूरे महासमुंद जिले में सभी स्थानों पर लोगों तक पहुंचकर वोट चोरी के बारे में लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है तथा जानकारी के साथ-साथ लोगों में मतदान करने के लिए जागरुकता फैलाने का भी कार्य युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। अमन चंद्राकर ने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में भी सभी बूथ स्तरों पर अधिक से अधिक ध्यान देकर मतदाताओं के नाम काटने और जोड़ने की प्रक्रिया में भाग लेने का कार्य भी किया जाएगा। ताकि, भविष्य में किसी भी प्रकार के गड़बड़ी से बचा जा सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समीर खान, आकाश निषाद, अनुराग चंद्राकर, युवराज साहू, आर्यन सिन्हा, छोटू पटेल, युकां के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरंभ पब्लिक स्कूल में विशेष सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आरंभ पब्लिक स्कूल में बच्चों के मानसिक, शैक्षणिक और व्यवहारिक विकास को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट (पीडियाट्रिक्स ) डॉ. सुरभि चंद्राकर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

डॉ. चंद्राकर ने अभिभावकों, विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद करते हुए बच्चों को मनोवैज्ञानिक रूप से कैसे समझें और संभालें, इस पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने शिक्षकों को बताया कि हर बच्चे की सीखने की क्षमता और व्यवहार अलग होता है, इसलिए धैर्यपूर्वक तथा सकारात्मक तरीके से पढ़ाना आवश्यक है। सत्र के दौरान कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को दिखाया, जहां डॉ. चंद्राकर ने बच्चों की स्वास्थ्य और बौद्धिक विकास संबंधी जांच की और आवश्यक सलाह दी। साथ ही उन्होंने स्पेशल चिल्ड्रन के प्रति संवेदनशीलता अपनाने और उनके साथ विशेष देखभाल एवं प्रोत्साहन का व्यवहार रखने पर भी जोर दिया।



**न्यायालय नायब तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// सूचना पत्र //

क्रमांक/92/ना. तह. / वाचक/2025
बागबाहरा, दिनांक 10-11-25
राजस्व मामला क्रमांक 202405120700050
ब/121 वर्ष 2022-23
ग्राम-कल्याणपुर, तहसील बागबाहरा

1. आशाराम पिता सुखराम निवासी ग्राम कल्याणपुर तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) ....आवेदक

विरुद्ध

1. राजेन्द्र बहादुर पिता अहवादीन जाति राजपूत
2. राज बहादुर पिता अहवादीन जाति राजपूत निवास स्थान शारदा राईस मिल के पास, बागबाहरा तहसील जिला महासमुन्द (छ.ग.) ...अनावेदकगण

आवेदक आशाराम पिता सुखराम जाति विझ्नपार निवासी ग्राम कल्याणपुर तहसील बागबाहरा जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा कलेक्टर महोदय महासमुन्द के समक्ष आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम कल्याणपुर पह.नं. 25 रा.नि.मं. तेन्दुकोना स्थित खाता क्र. 139 भूमि ख.नं. 58, 66.2 रकबा क्रमशः 1.18, 0.79, 1.97 हे. राजस्व अभिलेख में अनावेदक राजेन्द्र बहादुर के नाम पर दर्ज होकर स्थित है एवं खाता क्र. 157 ख.नं. 57, 70, 292, 3 रकबा क्रमशः 1.53, 0.47, 2.92, 3.87 हे. राजस्व अभिलेख में राज बहादुर के नाम पर दर्ज होकर स्थित है। उक्त भूमि अनावेदक को शासकीय पट्टे से प्राप्त हुआ है। अनावेदकगण उक्त भूमि पर कभी भी कास्त काबिज नहीं रहा है। बिना कास्त कब्जा के अनावेदक द्वारा पट्टा प्राप्त किया गया है। अनावेदक क्र. 01 ख.न. 66 रकबा 0.79 हे एवं अनावेदक क्र. 02 का ख.न. 70 रकबा 0.47 हे. को आवेदक विगत 50 वर्ष से शान्तिपूर्वक कास्त काबिज है। उक्त भूमि पूर्व में कृषि के योग्य नहीं था। जिसे काफी मेहनत और खर्च कर आवेदक ने कृषि योग्य बनाया है। बिना कान्त कब्जा के गलत तरीके से प्राप्त पट्टे को निरस्त कर पूर्ववत शासकीय मद में दर्ज किया जाये। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अनावेदकगण क्र. 01 राजेन्द्र बहादुर, राज बहादुर पिता अहवादिन जाति राजपूत निवास स्थान शारदा राईस मिल के पास बागबाहरा, तहसील बागबाहरा को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में राजस्व मामला क्रमांक 202405120700050 ब/121 वर्ष 2022-23 विचाराधीन है। प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 24/11/2025 को नियत है। उक्त आवेदन के संबंध में नियत पेशी तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब दावा या उजर आपत्ति पेश कर सकते हैं। जवाब दावा या उजर आपत्ति पेश नहीं करने की स्थिति में अनावेदकगण क्र. 01 राजेन्द्र बहादुर, राज बहादुर पिता अहवादिन जाति राजपूत निवास स्थान शारदा राईस मिल के पास बागबाहरा, तहसील बागबाहरा के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**बागबाहरा (छ.ग.)**

# कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। जन चौपाल में अलग-अलग स्थानों से पहुंचे 70 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं आवेदन के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर लंगेह ने जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में कोमाखान निवासी लोकनाथ साहू ने एग्रीस्टैक पंजीयन के लिए आधार लिंक में आ रही समस्याओं के संबंध में आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने ईडीएम को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किए। इसी तरह ग्राम पड़कीपाली खल्लारी के ग्रामवासियों ने धान विक्रय में आ रही आवागमन संबंधी समस्या के लिए, ग्राम कोहादादार पिथौरा के ग्रामवासियों ने गौठान में समूह के लिए बनी सड़क को क्षति पहुंचाने वाले अज्ञात तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु, ग्राम ढोड़ महासमुंद में फर्जी धान पंजीयन को निरस्त करने हेतु ग्रामवासियों ने आवेदन किए। ग्राम बिरकोनी निवासी सुमित्रा बाई टंडन ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किए। इसके अलावा वन अधिकार पत्र, फसल गिरदावरी, लंबित पेंशन, अवैध अतिक्रमण, नल जल योजना एवं जाति प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को नशामुक्ति पुस्तिका का निःशुल्क वितरण

**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल लाफिनखुर्द में नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9वीं एवं 10वीं के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्प्रभावों तथा उससे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्ति पुस्तिका का निःशुल्क वितरण किया गया तथा सभी ने नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहकर स्वस्थ, सफल एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु भी संकल्पित किया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## शहीद स्मारक में नई घास कटर मशीन की हुई पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में नई घास कटर मशीन की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन और अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, समिति के महिला सदस्यगण मौजूद रहे।

## जिले में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**महासमुंद।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। 4 नवंबर से प्रारंभ इस अभियान में बीएलओ घर घर मतदाताओं तक पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। इसी क्रम में बीएलओ योजना यादव एवं सरपंच आज सुबह कलेक्टर विनय लंगेह के निवास पहुंचकर उन्हें गणना पत्र एवं घोषणा पत्र वितरित किए। इस दौरान टीम द्वारा आवश्यक जानकारी संकलित की गई। फार्म वितरण के दौरान ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच प्रमिला ध्रुव, उपसरपंच जितेंद्र साहू, किशोर ध्रुव, बीएलओ योजना यादव, पंच शिव साहू मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि जिले में 8 लाख 86 हजार 422 पंजीकृत मतदाता हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र वितरित कर रहे हैं तथा आवश्यक दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) मतदान केंद्र स्तर पर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान को लेकर बैठक कल

**महासमुंद।** महासमुंद की जीवनधारा सितली को उसके पुराने, स्वच्छ और निर्मल स्वरूप में लौटाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान" को सफल बनाने के लिए 12 नवंबर बुधवार को शाम 4 बजे स्वाध्याय केंद्र सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है। जहां सितली को स्वच्छ और निर्मल बनाने की व्यापक कार्ययोजना और क्रियान्वयन पर गहन चर्चा की जाएगी। स्वाध्याय केंद्र समिति ने सभी आम नागरिकों, बुद्धिजीवियों और पर्यावरणविदों से विनम्र अनुरोध किया है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में समय पर पहुंचकर अपने मूल्यवान विचार व्यक्त करें। शहर के सभी वर्गों के सक्रिय सहयोग और सुझावों से ही इस जन-अभियान को सफल बनाया जा सकता है। स्वाध्याय केंद्र समिति के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड़, अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, सचिव मोहन साहू और कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने सभी शहरवासियों से सही समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। सभी जन की उपस्थिति यह सुनिश्चित करेगी कि सितली को सौंदर्यीकरण के साथ उसके पुराने स्वरूप में वापस लाने की योजना है।

### आयोजन : पिथौरा में संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# खेल स्पर्धा से मिलता है अनुशासन एकता और आत्मविश्वासः पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का संकुल स्तरीय शुभारंभ पिथौरा में बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत महासमुंद की पूर्व अध्यक्ष उषा पटेल थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने की। विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा रिक्की, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, रामकुंवर सिन्हा, प्रेमराजन रौतिया, कौशल मानिकपुरी, भाजपा नेता मनमोहन जैन, किशोर पटेल, रमेश पटेल, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष राजेश चौधरी एवं लक्ष्मीकांत सोनी मंचासीन थे।

इस अवसर पर विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मैदान में कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक और अन्य खेलों में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया।



### खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना आयोजन का उद्देश्य - देवेश

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देवेश निषाद ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है, बल्कि युवाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना भी है। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और खेल भावना का परिचय दिया। आयोजन समिति ने बताया कि संकुल स्तर पर चयनित खिलाड़ी आगे विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिरजू राम सोनबेर, बीआरसी नरेश पटेल, संकुल प्रभारी खगेश्वर डड़सेना, रामकुमार स्वर्णकार, सुधीर प्रधान, गौरीशंकर पटेल, राजेश साहू, नारायण गबेल, प्रदीप कर, अक्षय साहू, तुलसी बरिहा, विजय प्रधान, घनश्याम यादव, नरेंद्र साहू, टीकम ध्रुव, पुष्पकांत साहू, सूर्यकांत कोसरिया, केशव पटेल, चंद्रहास साहू, शिव कुमार भाई, गोपेश डडसेना, हेमंत पटेल, विवेक कुमार राणा, दीपक बघेल, चतुर्भुज राणा, दीपक डड़सेना, रामबती प्रजापति, योगेश सोनवानी, रेशम लाल पटेल, थाम सिंह दीवान, सरजू भोई, जगत राम दीवान, होरी लाल रजक, मकरध्वज पटेल, कुमार सिंह श्रीवास, हेमकुमारी पटेल, इति प्रधान सहित संकुल के सभी प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, नगर पंचायत के कर्मचारी चंद्रशेखर शुक्ला, रूपलाल सिन्हा, धर्मूराम सिन्हा, मोहन लाल प्रजापति एवं छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन स्थल पर खेल भावना और उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि उषा पटेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक हैं। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन युवाओं को नई दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग का अमला भी मुस्तैदी से तैनात रहा, जिससे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा सुनिश्चित की गई। पूरा आयोजन स्थल उत्साह, जोश और देशभक्ति के माहौल से सराबोर रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, अभिभावक और युवा खिलाड़ी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण संपन्न हुआ तहसील साहू संघ बसना का चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

छग प्रदेश डॉ. निरेंद्र साहू के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष धरमदास साहू की अनुशंसा से 09 नवंबर 2025 को तहसील साहू संघ बसना का ग्रामीण परिक्षेत्रीय मंडल तथा तहसील स्तर का समाजिक चुनाव हर्षोल्लास एवं समाजिक एकता के संदेश देते हुए तेलीय कुल देवी भक्त शिरोमणिकर्मा माता मंदिर परिसर बोहारपार धाम में शांति पूर्ण हुआ।

पांच परिक्षेत्र में से बंसुला परिक्षेत्रीय साहू समाज में क्रमशः अध्यक्ष उमेश साव, उपाध्यक्ष मोहन साव, संघठन सचिव योगेश्वर साव, महिला उपाध्यक्ष मोंगरा साव, महिला संगठन सचिव मोहिनी साव, बड़ेसाजापाली परिक्षेत्र से क्रमशः अध्यक्ष अनिरुद्ध साहू मुकुंदा, उपाध्यक्ष रामकली साहू, संगठन सचिव मायाराम साहू, महिला उपाध्यक्ष देवती साहू, महिला संगठन सचिव सुशीला साहू, परिक्षेत्र बरोली समाज में क्रमशः अध्यक्ष मीनू साव, उपाध्यक्ष हेमचंद साव, केवटापाली संगठन सचिव हेमचंद्र साव, चोरभट्ठी महिला उपाध्यक्ष हेमलता साव, महिला संगठन सचिव प्रेम बाई साव, परिक्षेत्र साकरा जोंक में क्रमशः अध्यक्ष कुंजराम साहू, उपाध्यक्ष गोविंद साहू, संगठन सचिव मुरलीधर साहू, महिला उपाध्यक्ष लिनिजुकता साव, महिला संगठन सचिव लता साहू, परिक्षेत्र भंवरपुर बोहारपार साहू, समाज में क्रमशः अजित साव उपाध्यक्ष, स्वराज साव, संगठन सचिव रेशमलाल साव, महिला उपाध्यक्ष नंदिनी साव, महिला संगठन सचिव पार्वती साव निर्वाचित हुईं।

समस्त ग्रामीण पदाधिकारी, परिक्षेत्रीय पदाधिकारी तथा आजीवन सदस्यों द्वारा मिलकर तहसील चुनाव में मतदान किया गया। जिसमें अध्यक्ष महेंद्र साव, उपाध्यक्ष प्रकाश साहू, संगठन सचिव नंदकुमार साहू, महिला तहसील उपाध्यक्ष नूतन साव समेत महिला तहसील संगठन सचिव पद पर केकती साहू विजयी हुईं। निर्वाचन अधिकारी श्याम लाल साहू थे। जीत के बाद समस्त पदाधिकारीयों ने कर्मा माता की पूजा आरती कर मिठाइयां बांटी गई।

# बाकू में जीता कांस्य पदक विधायक ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बाकू (अज़रबैजान) में आयोजित आईएफए वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में बागबाहरा के लीलेश प्रधान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन करने वाले लीलेश का खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सम्मान किया।

पदक जीतने के बाद लीलेश ने विधायक कार्यालय पहुंच कर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात करते हुए प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। लीलेश ने बताया कि बाकू (अज़रबैजान) में आईएफए वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप जूनियर अंडर 18 मेन राइट 78 केजी में हिस्सा लिया। जिसमें उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर विधायक यादव ने उनका सम्मान किया।

## भोरिंग से अछोली होते हुए बेलटुकरी तक नई सड़क बनाने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने ग्राम भोरिंग से अछोली होते हुए बेलटुकरी तक नई सड़क बनाने की मांग की है।

कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि भोरिंग से अछोली होते हुए बेलटुकरी रोड पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे यहां के ग्रामीणों को आने जाने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्कूली छात्र अपनी जान जोखिम में डाल के रोज इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। ये मार्ग पत्थर खदान के कारण भारी वाहनों द्वारा निरंतर खराब हो रहा है। इस मार्ग के लिए 18 करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित है। परंतु, अभी तक स्वीकृति नहीं मिल पायी है। इसके संदर्भ में 3-4 बार ज्ञापन दिया जा चुका है। परन्तु, शासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह आवेदन शासन को अंतिम चेतावनी के रुप में दिया जा रहा है। यदि शासन प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द रोड के नवनिर्माण के लिउ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो छत्तीसगढ़िया कांति सेना व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला संयोजक बलरामकांत साहू, जिला महामंत्री योगेश पाटिल, जिला खंड अध्यक्ष मानिकचंद साहू, जिला खंड अध्यक्ष हुकेश्वर साहू, जिला खंड महामंत्री घनश्याम साहू, शहर अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा, हुलास साहू, दयाशंकर साहू, कलेश्वर साहू, पुष्कर साहू आदि शामिल रहे।

# ग्राम कमेटी का गठन, मन्नू लभराखुर्द और दिनेश बने कुकराडीह के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला व ब्लॉक महासमुंद के निर्देशन व परिक्षेत्र पदाधिकारियों की अगुवाई में क्रमशः खट्टी अठगवा परिक्षेत्र के ग्राम लभरा खुर्द व तुमगांव अठगवा परिक्षेत्र तुमगांव के कुकराडीह तेंदूवाही में ग्राम कमेटी का गठन किया गया। मुख्य अतिथि रेखराज बघेल जिला सचिव रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ब्लाक अध्यक्ष महासमुंद व गणेश टंडन ब्लाक सचिव ने की।

पूर्वान्ह में आयोजित बैठक मंगलभवन लभराखुर्द में बाबा गुरुघासीदास के चरणों में मंगल पूजा से प्रारंभ हुआ। जिसमें ग्राम के महिलाओं व सगाजनों की सराहनीय उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता जिला सचिव रेखराज बघेल ने दादा नकुल देव ढीढी द्वारा समाज निर्माण की परिकल्पना को समझाते हुए दिवंगत भागवत कोसरिया व दिवंगत हीरालाल बंजारे को सतनामी समाज का आदर्श पुरुष बताया। समाज के प्रति उनके त्याग और समर्पण को विस्तारपूर्वक समझाया। ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने सभी ग्रामो में सौहार्द्र छवियुक्त समाज निर्माण बनाने आह्वान किया। गणेश टंडन ब्लाक ने शिक्षा के महत्व को समझाया। पश्चात ग्राम कमेटी का गठन करते हुए मन्नू मनहरे अध्यक्ष, अमृत बंजारे, पूजा मनहरे उपाध्यक्ष, बालाराम बघेल सचिव, देवेंद्र सोनवानी कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी में गंगा राम बंजारे, उमा सोनवानी, बसंती बंजारे, हीरा भारती, संतोषी कुर्रे, भानमती बघेल, इंद्राणी बंजारे, कौशिल्या कुर्रे, शकुन कुर्रे सभी ग्राम लभरा खुर्द। पश्चात शाम को उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा ग्राम कुकराडीह तेंदूवाही में संयुक्त बैठक रखकर ग्राम कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से दिनेश बारले अध्यक्ष, छन्नू पात्रे, वीरगौतम बंजारे, कमल बिफोर, उषा सोनवानी उपाध्यक्ष, रोहित कुमार मारकंडे सचिव, आकाश बांधे सहसचिव, भारत जोगी मीडिया प्रभारी, नीलकंठ मारकंडे, कुमार डहरिया सरंक्षक, सेवादार, दयालदास भंडारी व कार्यकारणी में कामनी कुर्रे, नीरा मारकंडे, कुंती बंजारे, रजनी बंजारे, शंकर भारती, कन्हैया जोगी, इंदरमन खुंटे, दयालु मारकंडे, खेलावन जोशी, नंदकुमार मारकंडे, कुंवरलाल सोनवानी, संतोषी जोगी, लक्ष्मन कुर्रे का मनोनयन किया गया। बैठक को हर्षप्रताप मन्नाडे अध्यक्ष संघर्ष समिति निशा जोगी, ब्लाक अध्यक्ष संजू कुर्रे, अठगवा परिक्षेत्र अध्यक्ष द्वय कृष्ण कुमार नारंग, वेदराम गिलहरे ने अपने सामाजिक जनों को एकता के सूत्र में जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संचालन परिक्षेत्र सचिव द्वय देवकुमार जोशी व गोवर्धन खूंटे ने किया। इस अवसर पर लभरा खुर्द में खोमन मारकंडे कोषाध्यक्ष, चोलेश्वर मारकंडे, तीरथ जांगड़े, नरेश भारती, हरीश मांडले, ग्राम कुकराडीह तेंदूवाही में लोकनाथ कुर्रे, परमानंद बंजारे, बुधूराम मारकंडे संरक्षक, महेंद्र बांधे मौजूद रहे।

## नर्रा क्षेत्र में धान की कटाई का कार्य जोरों से



**नर्रा।** मौसम खुलते ही धान कटाई कार्य में तेजी आई है वहीं कार्तिक पूर्णिमा के बाद आसमान में बादल छंटते ही ठंड में भी इजाफा हुआ है। अर्ली वैरायटी यानी छोटे किस्म के साथ बड़े धान जमुना 1001, सरना धान की कटाई जारी है। बता दें कि ज्यादातर किसान चैन वाले हार्वेस्टर मशीन से कटाई करा रहे हैं क्योंकि, बेमौसम बारिश की वजह से खेत गीली होने से कटाई में परेशानी हो रही है। वहीं, छोटे और मंझोले किसान स्वयं अथवा मजदूरों के माध्यम से धान कटाई में जुटे हुए हैं।

# नगर पंचायत बसना में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**बसना।** नगर पंचायत बसना में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। प्रारंभ इस अभियान में बीएलओ घर-घर मतदाताओं तक पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। इसी क्रम में बीएलओ और इस दौरान टीम द्वारा आवश्यक जानकारी संकलित की गई। फार्म वितरण बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर दिया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र वितरित कर रहे हैं तथा आवश्यक दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मतदान केंद्र स्तर पर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। शहरी ही क्षेत्रों में बीएलओ सक्रियता से कार्यरत हैं। सीएमओ सूरज सिदार ने सभी पार्षदों व जनप्रतिनिधि एवं पात्र नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भागीदारी और सहयोग करने की अपील की है।



# वंदेमातरम के 150 साल अभियान में निकली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 10 नवंबर भाजपा शहर मंडल के शहरी क्षेत्र में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य मार्गों में बाइक रैली निकाली गई।

बाइक रैली के संदर्भ में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित बाइक रैली को देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम बताते हुए कहा कि वंदेमातरम राष्ट्र की चेतना का गान और एक महाभियान है। पूरे लोकसभा, विधानसभा स्तर पर बाइक रैली का आयोजन भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। वंदेमातरम राष्ट्रगान के 150 वर्ष पूरे होने भाजपा में जश्न का माहौल है और देशभक्ति पूर्ण संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक रूप से पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रगान का आयोजन हो रहा है। शहर में निकली बाइक रैली में प्रमुख रूप से भाजपा शहर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, पूर्व महामंत्री एम आर विश्वनाथन, नेता प्रतिपक्ष हरबंस सिंह नानू भाई, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा साहू, पार्षद प्रीति बदल मक्कड़, शुभ्रा शर्मा, सीता डोडेकर, भारती चंद्राकर, माखन पटेल, पीयूष साहू, शेखर बेलदार, महेंद्र जैन हितेश, अमन वर्मा, सोनाधार सोनवानी, राजू चंद्राकर, नईम खान, भगवती करकसे, आनंद साहू, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे, सूर्य प्रताप सिंह, सुनीता साहू, सारिका यादव, सोनई विश्वकर्मा, फगुआ पटेल, दिनेश, समीर करकसे आदि मौजूद रहे।






